# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ०ग०)

दूरभाष (का.) 0771–2439564, फैक्सः 0771–2331525, 2446556 वेबसाईटः www.psc.cg.gov.in


क्रमांक /926/09/परीक्षा/2023 रायपुर दिनांक : 26.05.2023

## राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2022 हेतु महत्वपूर्ण सूचना

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन क्रमांक 28/2022/परीक्षा दिनांक 26.11.2022, शुद्धि पत्र क्रमांक 19/2022/परीक्षा/दिनांक 15.12.2022 एवं शुद्धि पत्र क्रमांक 02/2023/परीक्षा/दिनांक 10.05.2023 के द्वारा राज्य सेवा परीक्षा–2022 के माध्यम से 210 पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत दिनांक 12/02/2023 को राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2022 का आयोजन प्रदेश के 28 जिला मुख्यालयों में किया गया था।

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2022 क्रमांक/615/09/परीक्षा/2023 रायपुर दिनांक 12.05.2023 के तहत ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि दिनांक 18.05.2023 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 25.05.2023 (रात्रि 11:59 बजे) तक निर्धारित थी। आयोग कार्यालय में विभिन्न अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाने/पोर्टल खोलने हेतु निवेदन किया गया है। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों पर विचारोपरांत अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2022 की तिथि आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

जो आवेदक राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2022 का ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे **दिनांक 26.05.2023 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 27.05.2023 (दोपहर 12:00 बजे) तक** आयोग के वेबसाइट www.psc.cg.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक को आवेदन करने वाले आवेदकों को आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार का अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा।

सचिव
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ०ग०)